CS (Main) Exam,2021

HXS-B-MDCS

# चिकित्सा-विज्ञान / MEDICAL SCIENCE

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : **Three** Hours

अधिकतम अंक : **250**
Maximum Marks : **250**

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*जहाँ कहीं भी आवश्यक समझें, उचित चित्र व रेखाचित्र द्वारा अपने उत्तरों की व्याख्या कीजिए । इस हेतु रंगीन पेंसिलों का प्रयोग किया जा सकता है ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Illustrate your answers with suitable sketches and diagrams, wherever considered necessary. Coloured pencils may be used for the purpose.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) दक्षिण अध:पर्शुक प्रदेशीय वेदना की जाँच में अल्ट्रासाउंड की भूमिका की संक्षेप में चर्चा कीजिए ।

Discuss in brief the role of ultrasound in the investigation of pain in right hypochondrium. *10*

(b) अवसादी विकारों के फार्माकॉलोजिकल एवं नॉन-फार्माकॉलोजिकल उपचार की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Outline the pharmacological and non-pharmacological treatment of depressive disorders. *10*

(c) एक 30 सप्ताह की सगर्भता पर जन्मे नवजात में जन्म लेने के 30 मिनट के भीतर श्वासक्षिप्रता, वक्ष प्रतिगमन तथा ग्रंट के लक्षण पाए जाते हैं ।

(i) सर्वाधिक संभावित निदान क्या है ? आपके इस निदान का क्या आधार है, उल्लेखित कीजिए तथा इस रुग्णता की विकृत-शरीर-क्रिया संक्षेप में बताइए ।

(ii) इस रुग्णता के प्रबंधन का वर्णन कीजिए ।

A neonate born at 30 weeks of gestation is found to have tachypnea, chest retractions and grunt within 30 minutes of birth.

(i) What is the most likely diagnosis ? Mention the basis of your diagnosis and state briefly the pathophysiology of the condition.

(ii) Describe the management of this condition. *5+5=10*

(d) बालचिकित्सा ओ.पी.डी. में आए एक 6-माह के शिशु को केंद्रीय श्यावता (सेंट्रल सायनोसिस) और मुद्गरण (क्लबिंग) है । उसे यकृतवृद्धि नहीं है ।

(i) सर्वाधिक संभावित हृद्-वाहिकीय विकार कौन-सा है ? हृद्-वाहिकीय जाँच करने पर इसमें क्या जानकारियाँ मिलेंगी और उसके साथ क्या-क्या रक्तगतिकी परिवर्तन होंगे ?

(ii) लिखिए कि इस रुग्णता का रोगलाक्षणिक क्रम क्या होगा और उससे संबंधित जटिलताएँ कौन-कौन सी हो सकती हैं ।

A 6-month-old infant attending paediatrics OPD is found to have central cyanosis, clubbing and no hepatomegaly.

(i) What is the most likely cardiovascular condition ? State its cardiovascular examination findings and accompanying haemodynamic changes.

(ii) Write about the clinical course and complications related to this condition. *5+5=10*

(e) एक किशोरी कृत्रिम आभूषण पहनने का शौक रखती है । उसके कानों, कलाइयों तथा ग्रीवा की त्वचा पर कण्डूकारी पिटिकीय-जलस्फोट उभर आए हैं ।

(i) संभावित निदान क्या होगा ?

(ii) रोगनिदान की पुष्टि के लिए आप कौन-सी स्वर्ण मानक जाँच प्रयुक्त करेंगे, उसका नाम बताइए ।

(iii) जाँच परिणाम का अर्थनिर्णय आप कैसे निकालेंगे ?

(iv) इस जाँच से होने वाली जटिलताओं के बारे में बताइए ।

An adolescent girl fond of wearing artificial jewellery presented with itchy, papulo-vesicular skin lesions on the ears, wrists and neck.

(i) What is the likely diagnosis ?

(ii) Name the gold standard test which you would use for the confirmation of diagnosis.

(iii) How would you interpret the test results ?

(iv) State the complications of this test. *2+2+3+3=10*

**Q2.** (a) एक 60-वर्षीय पुरुष जिसे मधुमेह है आपातकालीन विभाग में पहुँचता है । उसे वक्ष के मध्य भाग में अचानक ऐसा तेज दर्द उठा है कि मानो उसकी छाती भींच रही है और यह दर्द विश्राम लेने पर भी कम नहीं हो रहा ।

(i) सर्वाधिक संभावित निदान क्या है ?

(ii) रोगनिदान तक पहुँचने के लिए आप इस रोगी की क्या-क्या जाँच करेंगे ?

(iii) इस रोगी के प्रबंधन हेतु विभिन्न उपायों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

A sixty-year-old diabetic male presented to the emergency department with acute onset, central squeezing type of chest pain, which is severe in intensity and not relieving even after taking rest.

(i) What is the most probable diagnosis ?

(ii) How will you investigate the case to reach the diagnosis ?

(iii) Outline the steps in the management of the case. *2+4+14=20*

(b) एक 12-माह का शिशु जिसे पूरक आहार शुरू करने में विलम्ब हो गया था और जिसे प्रवाहिका होने के कुछ प्रसंग भी हुए हैं, उसकी लम्बाई 72 cm है, वज़न 5 kg है, मध्य-भुजा घेरा 10 cm है और उसकी अधस्त्वक् वसा का लोप हो चुका है ।

(i) निदान क्या है ? रोग की गंभीरता के आधार पर इस शिशु की रुग्ण अवस्था को आप किस श्रेणी में रखेंगे ?

(ii) इस रुग्ण अवस्था से क्या-क्या जटिलताएँ संबंधित हैं, उन्हें गिनाइए ।

(iii) उपचार हेतु विभिन्न उपायों का चरणबद्ध वर्णन कीजिए ।

A 12-month-old infant with history of delayed initiation of complementary feeding and few diarrhoeal episodes was found to have length of 72 cm, weight of 5 kg, mid arm circumference of 10 cm and loss of subcutaneous fat.

(i) State the diagnosis. Under what severity of condition would you place this infant ?

(ii) Enumerate the complications associated with the condition.

(iii) Describe the steps and phases of treatment. *4+5+6=15*

(c) (i) स्कैबीज़ की असामान्य प्रस्तुतियों के बारे में लिखिए ।

(ii) एक नवजात में, एक 2 वर्ष से छोटे बालक में, एक वयस्क में तथा एक गर्भवती स्त्री में स्कैबीज़ के प्रबंधन का वर्णन कीजिए ।

(iii) स्कैबीनाशी चिकित्सा दिए जाने के पश्चात् कण्डू के निरंतर बने रहने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं, लिखिए ।

(i) Write the atypical presentations of scabies.

(ii) Describe the management of scabies in a neonate, in a child less than 2 years of age, an adult and a pregnant female.

(iii) State the causes which can lead to persistent itching following the administration of scabicide therapy. *5+5+5=15*

**Q3.** (a) एक 40-वर्षीय पुरुष जो अध:शाखा के अस्थिभंग के कारण विगत दो माह से शय्याग्रस्त था, उसका अचानक ही दम फूलने लगा ।

(i) सर्वाधिक संभावित निदान क्या है ?

(ii) इस मामले की जाँच आप कैसे करेंगे ?

(iii) इस मामले का प्रबंधन आप कैसे करेंगे ?

A 40-year-old male who was bedridden for the last two months following a fracture in the lower limb developed sudden breathlessness.

(i) What is the most probable diagnosis ?

(ii) How will you investigate the case ?

(iii) How will you manage the case ? *2+8+10=20*

(b) एक 'ओ' नेगेटिव रक्त वर्ग की माता के गर्भ से पूर्ण अवधि पर जन्मे नवजात की हथेलियों और तलवों पर तीव्र कामला है, नवजात अत्यधिक रो रहा है और उसे जीवन के 20वें घंटे में आक्षेप हुआ है ।

(i) इस नवजात में रोगलाक्षणिक आधार पर आप कामला की तीव्रता का कैसे आकलन करेंगे ?

(ii) निदान तक पहुँचने के लिए कौन-कौन सी मुख्य जाँचें करनी होंगी, उन्हें गिनाइए ।

(iii) इस नवजात के प्रबंधन का वर्णन कीजिए ।

A term neonate born to 'O' negative blood group mother was found to have deep jaundice involving palms and soles, excessive crying and convulsions at 20 hours of life.

(i) How would you assess the clinical severity of jaundice in this neonate ?

(ii) List the key investigations to arrive at the diagnosis.

(iii) Describe the management of this neonate.

*3+4+8=15*

(c) (i) शरीर के निम्नलिखित स्थानों में समतल शैवाक के रोगलक्षणों के बारे में जानकारी दीजिए :

- नखों में
- शिरोवल्क में
- श्लेष्मा में
- हथेलियों और तलवों में

(ii) मुखी समतल शैवाक में पाई जाने वाली ऊतकविकृतिविज्ञान असामान्यताओं को उल्लेखित कीजिए ।

(iii) मुखी समतल शैवाक के प्रबंधन की विवेचना कीजिए ।

(i) Give the clinical findings of lichen planus at the following sites :

- Nails
- Scalp
- Mucosa
- Palms and Soles

(ii) State the histopathological findings of oral lichen planus.

(iii) Discuss the management of oral lichen planus. *5+5+5=15*

**Q4.** (a) यकृत् सिरोसिस की हेतुकी, निदान, उपचार तथा जटिलताओं की संक्षेप में चर्चा कीजिए ।
Discuss in short the etiology, diagnosis, treatment and complications of cirrhosis of liver. *5+5+5+5=20*

(b) एक माँ अपने 15 माह के बच्चे को लेकर आती है । इस बच्चे को 6 बार वमन तथा 4 बार जलीय प्रवाहिका के प्रसंग हो चुके हैं, वह निश्चेष्ट है और इस स्थिति में नहीं है कि द्रव पी सके । इस रुग्णता से पूर्व बच्चे का वज़न 10 kg था ।

(i) बालक में रुग्णता किस तीव्रता की है, यह आकलन आप कैसे करेंगे ?

(ii) प्रथम तीन घंटों में तरल (फ्लूइड) प्रबंधन के लिए क्या करना होगा, लिखिए ।

(iii) यदि बालक 3 घंटों के बाद भी निर्जलीकरण के लक्षण दर्शाता है, तो उसके उपचार निर्देश क्या होंगे, लिखिए ।

(iv) डब्ल्यू.एच.ओ. मुखी पुनर्जलीकरण लवण (ओ.आर.एस.) की रचना तथा उसे निर्मित करने की विधि के बारे में लिखिए ।

A 15-month-old child brought by the mother with history of 6 episodes of vomiting and 4 episodes of watery diarrhoea was found to have lethargy and is unable to drink. The child weighed 10 kg before this event of illness.

(i) How would you assess the severity of the illness in this child ?

(ii) Write the fluid management in the first 3 hours.

(iii) Write the treatment guidelines after 3 hours if the child still exhibits signs of dehydration.

(iv) Write the composition and preparation of the WHO Oral Rehydration Salts (ORS). *4+4+4+8=20*

(c) (i) सोरियासिस सन्धिशोथ का विभेदक निदान क्या है ? अन्य रुग्णताओं से सोरियासिस सन्धिशोथ की पहचान आप कैसे करेंगे ?

(ii) सोरियासिस सन्धिशोथ के प्रबंधन की चर्चा कीजिए ।

(i) What is the differential diagnosis of psoriatic arthritis ? How would you distinguish psoriatic arthritis from other conditions ?

(ii) Discuss the management of psoriatic arthritis. *5+5=10*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** (a) सामान्य पित्तवाहिनी पुटी के रोगी के चिकित्सकीय लक्षण, नैदानिक जाँच-परीक्षण तथा प्रबंधन के विषय में संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

Briefly describe the clinical features, diagnostic workup and management of a patient of choledochal cyst. *3+4+3=10*

(b) अपने दाहिने पसरे हुए हाथ पर गिरने के पश्चात् एक 60-वर्षीय महिला कैजुअल्टी में पहुँचती है । उसका एक्स-रे बिम्ब कॉलिस अस्थिभंग का संकेतक है ।

(i) कॉलिस अस्थिभंग की रोगलाक्षणिक विशिष्टताओं के विषय में संक्षेप में लिखिए ।

(ii) इस अस्थिभंग से होने वाली पाँच जटिलताओं को गिनाइए ।

A 60-year-old lady presents to the casualty after a fall on her right outstretched hand. X-ray image is suggestive of Colles' fracture.

(i) Briefly write the clinical features of this condition.

(ii) Enumerate five complications of this fracture. *5+5=10*

(c) (i) 'गर्भ वृद्धि निर्बन्धन' (फीटल ग्रोथ रिस्ट्रिक्शन) को परिभाषित कीजिए ।

(ii) 'गर्भ वृद्धि निर्बन्धन' के सामान्य कारणों को गिनाइए ।

(iii) 26 सप्ताह की गर्भावस्था में पहचान में आए गंभीर 'गर्भ वृद्धि निर्बन्धन' में प्रबंधन योजना क्या होगी, उसकी रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए । इस महिला के इससे पूर्व कोई जीवित संतान नहीं है तथा विगत में वह 32 सप्ताह की गर्भावस्था में सीजेरियन सेक्शन से गुज़र चुकी है ।

(i) Define Foetal Growth Restriction (FGR).

(ii) List the common causes of FGR.

(iii) Outline the strategy for managing a severely growth restricted pregnancy diagnosed at 26 weeks of gestation. This female has no living issues and has a past history of undergoing Caesarean Section at 32 weeks of pregnancy. *2+4+4=10*

(d) (i) रजोनिवृत्ति को परिभाषित कीजिए ।

(ii) उन चिकित्सकीय संकेतों को गिनाइए जिनमें हॉर्मोन प्रतिस्थापन चिकित्सा (हॉर्मोन रिप्लेसमेंट थैरेपी) प्रदिष्ट की जाती है ।

(iii) 'सार्वत्रिक हॉर्मोन रिप्लेसमेंट थैरेपी' का सिद्धांत किन विवादों के कारण बदनाम हुआ, इस विषय पर संक्षेप में लिखिए ।

(i) Define menopause.

(ii) List the medical indications for prescribing Hormone Replacement Therapy (HRT).

(iii) State briefly the controversies that have demerited the concept of 'Universal HRT'. *2+4+4=10*

(e) डेंगू देश के लिए एक बड़ी जनस्वास्थ्य समस्या बन गया है । पिछले कुछ वर्षों में उसके मामलों की संख्या और रोग की गंभीरता अधिक बिगड़ी है ।

इसे संदर्भ में रखते हुए निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) वे कौन-से प्रमुख कारक हैं जिनके कारण देश में डेंगू की भौगोलिक सीमा में बड़ा बदलाव आया है ?

(ii) जलवायु परिवर्तन ने डेंगू को कैसे प्रभावित किया है ?

Dengue has become a major health problem for the country. The number of cases and disease severity have worsened over the years.

Keeping this in context, answer the following questions :

(i) What are the reasons which have led to a major shift in the geographic extent of dengue in the country ?

(ii) How is climatic change impacting the disease ? *5+5=10*

**Q6.** (a) (i) उन कारणों के बारे में संक्षेप में लिखिए जिनके कारण भारत और विश्व में सीजेरियन सेक्शन होने की दर में वृद्धि आई है ।

(ii) योनि द्वारा (सामान्य) प्रसव तथा सीजेरियन सेक्शन के लाभ और हानियों की संक्षेप में विवेचना कीजिए ।

(iii) सीजेरियन सेक्शन की दर घटाने के लिए क्या-क्या उपाय व्यवहार में लाए जा सकते हैं ?

(iv) एक महिला जिसका पूर्व में सीजेरियन सेक्शन हुआ है, उसे योनि द्वारा प्रसव के लिए आप कैसे काउंसलिंग (परामर्श) देंगे ?

(i) Write in brief the reasons for rising Caesarean Section rates globally and in India.

(ii) Discuss briefly the advantages and disadvantages of Vaginal birth and Caesarean Section.

(iii) What measures can be adopted to reduce Caesarean Section rates ?

(iv) How will you counsel a patient who had previous Caesarean Section for vaginal delivery ? *5+5+5+5=20*

(b) एक 55-वर्षीय पुरुष जिसे तंबाकू चबाने की लत है, विगत एक माह से मुँह खुलने में कठिनाई अनुभव होने के कारण ओ.पी.डी. में आता है । जाँच करने पर उसके मुख का स्वस्थवृत्त (हाइजिन) अस्वस्थ है तथा उसके दाहिने मुखीय श्लेष्मकला पर एक श्वेत क्षेत्र दृष्टिगत है ।

(i) श्वेतशल्कता (ल्यूकोप्लेकिया) और उसके महत्त्व का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

(ii) मुख गुहा के कैंसर की पूर्व-दुर्दम रुग्णताएँ कौन-कौन सी हैं ?

(iii) मुख गुहा के कैंसर के रोगी में कौन-कौन से विभिन्न ग्रीवा लसिका-पर्व रोगग्रस्त हो सकते हैं ?

A 55-year-old male, tobacco chewer, presents to OPD with difficulty in opening mouth for one month. On examination, he is found to be having poor oral hygiene and a white patch on right buccal mucosa.

(i) Briefly describe leukoplakia and its significance.

(ii) What are the premalignant conditions for oral cavity cancer ?

(iii) What are the different cervical lymph nodes which can get involved in a patient with oral cavity cancer ? *5+5+5=15*

(c) (i) प्रोटीन को "जैविक रूप से पूर्ण" कब कहा जाता है ?

(ii) शाकाहारी प्रोटीन और पशु प्रोटीन की आपस में तुलना कीजिए तथा यह स्पष्ट कीजिए कि शाकाहारी प्रोटीन किस प्रकार पशु प्रोटीन से स्पर्धा कर पाती है ।

(iii) शरीर में प्रोटीन किस-किस कार्य के लिए आवश्यक हैं ?

(i) When is a protein said to be "biologically complete" ?

(ii) How do vegetable proteins compare and compete with animal proteins ?

(iii) What are proteins needed for in the body ? *5+5+5=15*

**Q7.** (a) एक 60-वर्षीय पुरुष विगत दो माह से निरंतर बढ़ रहे पीलिया के कारण आता है । उसका मल मटमैले रंग का है और उसे कंडू से परेशानी है । जाँच करने पर उसका पित्ताशय परिस्पर्शीय है और आध्मान है ।

(i) इस रोगी की जाँच-परीक्षण आप कैसे करेंगे ?

(ii) कार्वोज़े नियम क्या है और उसके क्या-क्या अपवाद हैं, संक्षेप में उल्लेख कीजिए ।

(iii) इस रोगी की चिकित्सा के क्या-क्या विकल्प हैं ?

A 60-year-old male presents with progressively increasing jaundice for 2 months. He is having clay coloured stools and pruritus. On examination, he is having a palpable and distended gall bladder.

(i) How will you investigate this patient ?

(ii) Briefly mention Courvoisier's law and its exceptions.

(iii) What are the treatment options for this patient ? *5+7+8=20*

(b) मदर एंड चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम (MCTS) सरकार द्वारा की गई एक महत्त्वपूर्ण पहल है ।

(i) संक्षेप में समझाइए कि MCTS क्या है ।

(ii) उसके लक्ष्य क्या-क्या हैं ?

(iii) उसे किस प्रकार कार्यान्वित किया जा रहा है ?

The Mother and Child Tracking System (MCTS) is a significant initiative of the government.

(i) Briefly explain what is MCTS.

(ii) What are its objectives ?

(iii) How is it being put into operation ? *5+5+5=15*

(c) (i) एक दम्पती जिसमें पत्नी की आयु 35 वर्ष है, और पति की आयु 37 वर्ष है, और जो तीन वर्ष से विवाहित हैं, विगत 6 माह से गर्भधारण करने का प्रयास कर रहे हैं । इस दम्पती की जाँच आप कैसे करेंगे ?

(ii) ऐसे कौन-कौन से मुख्य घटक हैं जो प्रजनन-शक्ति पर प्रभाव डालते हैं ?

(iii) अव्याख्येय जननअक्षमता के उपचार हेतु उपलब्ध विकल्पों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

(i) How will you investigate a couple; wife 35 years, husband 37 years, married for 3 years, but trying for conception since 6 months ?

(ii) What are the major factors affecting fertility ?

(iii) Outline the treatment options available for unexplained infertility. *5+5+5=15*

**Q8.** (a) (i) आयोडीन अल्पता से होने वाले विकारों के स्पेक्ट्रम का सारांश प्रस्तुत कीजिए ।

(ii) आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम (आयोडीन डेफिशियेंसी डिसऑर्डर कंट्रोल प्रोग्राम) के ध्येय (गोल), लक्ष्य (ऑब्जेक्टिवस) तथा मुख्य विशेषताओं की संक्षेप में चर्चा कीजिए ।

(i) Summarise the spectrum of Iodine Deficiency Disorders.

(ii) State the goal, objectives and salient features of Iodine Deficiency Disorder Control Programme. *10+10=20*

(b) (i) एम.टी.पी. (संशोधन) अधिनियम, 2021 के अंतर्गत क्या-क्या प्रमुख परिवर्तन लाए गए हैं ?

(ii) भारत में लोग कौन-कौन से गर्भनिरोधक उपाय व्यवहार में लाते हैं ? उनके उपयोग के आधार पर उन्हें क्रम से गिनाइए और उनके प्रचलन के आँकड़े बताइए ।

(iii) कौन-कौन से उपाय भारत में गर्भनिरोधकों के प्रचलन को बढ़ावा देने में उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं ?

(i) What are the major changes that have been introduced under the MTP (Amendment) Act, 2021 ?

(ii) What are the different contraceptive methods employed by people in India ? List them in the order of their usage stating the statistics of how commonly they are used.

(iii) What measures can help increase the use of contraceptives in India ? *6+5+4=15*

(c) अवटु ग्रंथि के दक्षिण खंड में एकल पर्विका होने के कारण एक 47-वर्षीय महिला शल्योपचार (सर्जरी) ओ.पी.डी. में अपने उपचार के लिए आती है ।

(i) इस रोगी की जाँच आप कैसे करेंगे ?

(ii) यदि जाँच करने पर पुटकीय अर्बुद होने के संकेत मिलें, तो सर्वथा उपयुक्त उपचार क्या होगा ?

(iii) एक रोगी जिसका 5 दिन पूर्व अवटु ग्रंथि के पैपिलरी कार्सिनोमा के लिए संपूर्ण अवटु-उच्छेदन किया गया था, उसका फोलो-अप आप कैसे करेंगे ?

A 47-year-old female presents to the surgery OPD with a solitary nodule in the right lobe of thyroid gland.

(i) How will you investigate this case ?

(ii) What is the ideal treatment if investigations are suggestive of follicular neoplasm ?

(iii) How will you follow-up a patient who has undergone total thyroidectomy for papillary carcinoma thyroid 5 days back ? *5+5+5=15*